-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 21.09.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के क्रम में बांदा पुलिस द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों, ग्राम सचिवालयों में चलाया गया सघन जागरुकता कार्यक्रम । बालिकाओं/महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी ।**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में नोडल अधिकारी/क्षेत्राधिकारी मिशन शक्ति श्रीमती अंबुजा त्रिवेदी के नेतृत्व में जनपद बांदा में सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के अन्तर्गत स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों, ग्राम सचिवालयों में बालिकाओं/महिलाओं को एकत्रित कर उन्हे शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जा रही है । बालिकाओं/महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा- डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है । आज दिनांक 21.09.2024 को मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के क्रम में महिला थाना की मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय तिन्दवारा में बच्चियों को गुड-टच, बैड-टच तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई । थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति टीम की म0उ0नि0 रश्मि सिंह, म0कां0 मोहिनी, कां0 मोहित शिवहरे द्वारा स्कूलों में छुट्टी के दौरान छात्राओं से बात-चीत कर उन्हे जागरुक किया गया । थाना बबेरु की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम फफूंदी में महिलाओं को एकत्रिक कर जागरुक किया गया । थाना नरैनी की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा नरैनी में थाना बिसंडा की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा बिसंडा में जागरुकता अभियान चलाया गया । थाना जसपुरा की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जसपुरा में छात्राओं को जागरुक किया गया । थाना कोतवाली की मिशन शक्ति टीम द्वारा शहर क्षेत्र में जागरुकता अभियान चलाया गया इस दौरान टीम द्वारा मर्दनाका के लोहारतलैया में सुबरातन पत्नी फिरोज व नास्तिक पुत्र साबिर के मध्य पारिवारिक विवाद को समझा-बुझाकर सुलह समझौता कराया गया ।